कार्यालय जिला न्यायाधीश, मथुरा

विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय, मथुरा में निम्नलिखित पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 21.08.2010 के सायं 5 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं :–

क्रमांक	पदनाम व	वेतनमान	रिक्तियां
1	आशुलिपिक ग्रेड–3 तृतीय श्रेणी)	5200–20200 ग्रेड पे 2800	07
2	लिपिक (तृतीय श्रेणी)	5200– 20200 ग्रेड पे 1900	30
3	पियोन (चतुर्थ श्रेणी)	4440–7440 ग्रेड पे 1300	20

विस्तृत विवरण दैनिक जागरण कानपुर संस्करण तथा अमर उजाला आगरा संस्करण के दिनांक जुलाई 21, 2010 के समाचार पत्र से प्राप्त किया जा सकता है अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जिला न्यायालय, मथुरा वेबसाइट क्रमशः www.allahabadhighcourt.in तथा http://www.mathura.nic.in/districtcourt से ज्ञात किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है । अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना Contact Number अवश्य उल्लिखित करें तथा एक से अधिक पदों के लिये आवेदन करने हेतु प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक शुल्क का ड्राफट तथा पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा भी आयोजित की जाएगी जिसके स्थान तथा दिनांक के सम्बन्ध में प्रवेशपत्र के माध्यम से सूचना दी जाएगी । लिखित परीक्षा के आधार पर रिक्त पदों के तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा ।

कुछ अभ्यर्थियों के द्वारा **जिला जज, मथुरा/डिस्ट्रिक्ट जज, मथुरा के नाम से** ड्राफ्ट न भेज कर अन्य नाम से ड्राफ्ट भेजे जा रहे हैं, कुछ अभ्यर्थियों ने ड्राफ्ट के स्थान पर पोस्टल आर्डर प्रेषित किये हैं, कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट प्रेषित ही नहीं किया है । अत : ऐसे आवेदकों को यह अवगत कराया जाता है कि वे नियत दिनांक 21.08.2010 से पूर्व कार्यालय समय में उपस्थित होकर सही नाम का ड्राफ्ट प्रस्तुत करें अन्यथा ऐसे आवेदनपत्र निरस्त कर दिये जाऐंगे ।

(सुरेन्द्र विक्रम सिंह राठौर)
जिला न्यायाधीश, मथुरा